# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
# Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं0..1037...                                                                 दिनांक / Date ..28.11.2017.....

## प्रेस विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन सं0–15/उ0अ0से0च0आ0/2017 दिनांक 14 नवम्बर, 2017 उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत अधीनस्थ सेवा वर्ग–2(सहायक खाद्य प्रसंस्करण निरीक्षक/प्रशिक्षक) के 13 पदों, औद्यानिक विकास शाखा वर्ग–2 के 139 पदों, औद्यानिक विकास शाखा वर्ग–3(पर्यवेक्षक) के 44 पदों तथा अधीनस्थ सेवा वर्ग–2(कीट एवं पौध परीक्षण शाखा) के 02 पदों अर्थात कुल 198 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। इन सभी पदों को एक साथ (club)एकत्रित करके विज्ञापन जारी किया गया था। इस विज्ञापन में खाद्य प्रसंस्करण शाखा अधीनस्थ सेवा वर्ग–2(सहायक खाद्य प्रसंस्करण निरीक्षक/प्रशिक्षक) पद कोड–113 में शैक्षिक अर्हता में सूक्ष्म त्रुटि हो गयी हैं। विज्ञापन में शैक्षिक अर्हता बी0एस0सी(जीव विज्ञान) या बी0एस0सी0(कृषि) के उपरांत फल संरक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सहसदस्यता या खाद्य प्राविधिकी में एम0एस0सी0 हो गयी है जबकि विभागीय नियमावली में बी0एस0सी0 जीव विज्ञान के स्थान पर केवल बी0एस0सी0 शैक्षिक अर्हता निर्धारित है। अतः इस पद के लिए शैक्षिक अर्हता को **बी0एस0सी0 या बी0एस0सी0(कृषि) के उपरांत फल संरक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सहसदस्यता या खाद्य प्राविधिकी में एम0एस0सी0** पढ़ा जायं। इस संदर्भ में आयोग द्वारा संशोधन आदेश आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** में प्रकाशित कर दिया गया है। इस पद के लिए जारी ऑनलाइन आवेदन पत्र में भी समुचित संशोधन कर दिया गया है। जिससे सभी बी0एस0सी0 स्नातक जो उपरोक्त स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारित हों इस आवदेन पत्र को भर सकें। आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर, 2017 है।

28/11

(संतोष बडोनी)
सचिव।


उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

**राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाड़पुर, देहरादून, उत्तराखण्ड**

**State Election Commission Office Campus, Ring Road, Ladpur, Dehradun. Uttarakhand**

दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, आई.वी.आर.नं.-7088205533 वैबसाईट: www.sssc.uk.gov.in